हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 29 मार्च 2024

06 लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने ...


07 कराहल में एक साल तो बडौदा में छह महीने से खाली नेत्र...




**लोक सभा क्षेत्र**
**भिंड**
1 भाजपा प्रत्याशी: संध्या राय
2 कांग्रेस प्रत्याशी: फूल सिंह बरैया

**पिछली बार कौन जीता**
संध्या राय, भाजपा
**जीत का अंतर**
1 लाख 99 हजार, 885

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के अपने-अपने मुद्दे हैं। भाजपा का मुख्य मुद्दा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी देश भर में दौरा कर विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कर रहे हैं। अर्थात पार्टी मोदी लहर पर सवार है। दूसरी तरफ कांग्रेस हर वर्ग को न्याय की बात कर रही है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग पार्टी का बड़ा मुद्दा है। दो मुख्यमंत्रियों पहले हेमंत सोरेन और अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से कांग्रेस के इस आरोप को ताकत मिली है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से भी पार्टी को फायदे की उम्मीद है।

### बसपा में भी रहे कांग्रेस के बैरया, दलितों में अच्छी पकड़, भाजपा को महिला प्रत्याशी होने का लाभ, लहर से उम्मीद

# फूल सिंह के बयान आत्मघाती, संध्या की निष्क्रियता से नाराजगी

*चंबल-ग्वालियर अंचल की भिंड लोकसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़े मुकाबले के आसार हैं। भाजपा की ओर से सांसद संध्या राय फिर मैदान में हैं तो कांग्रेस ने भांडेर से विधानसभा का चुनाव जीते फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में चल रही लहर के साथ पार्टी प्रत्याशी के महिला होने का लाभ मिल सकता है, जबकि फूल सिंह बरैया पहले बहुजन समाज पार्टी में रहे हैं। उनकी दलित वर्ग में अच्छी पकड़ है। अलबत्ता, बरैया के कई विवादित बयान उनके लिए आत्मघाती साबित हो सकते हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी संध्या राय की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के लोग नाराज हैं।*

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल में विधानसभा चुनावों की तरह लोकसभा के चुनाव भी भाजपा के लिए आसान नहीं हैं। मोदी लहर के बावजूद अंचल की अन्य सीटों की तरह भिंड में भी उसे कांग्रेस से कड़ा मुकाबला करना पड़ सकता है।

बसपा की मौजूदगी यहां दोनों दलों का खेल बिगाड़ती है। भाजपा की संध्या राय ने 2019 के चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के देवाशीष को लगभग दो लाख वोटों के अंतर से हराया था। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी भाजपा के पक्ष में माहौल है। 2019 में पाक अधिकृत कश्मीर में एयर स्ट्राइक के कारण


संध्या राय


फूल सिंह बरैया

राष्ट्रीयता बड़ा मुद्दा था, जबकि इस बार भाजपा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर में धारा 370 को भुनाने की तैयारी में है। पिछली बार भाजपा ने डॉ. भागीरथ प्रसाद का टिकट काट कर संध्या राय को टिकट दिया था। पहले वे विधायक थीं। पार्टी ने इस बार फिर उन पर भरोसा किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद उनका लोगों से बात करते हुए एक वीडियो वायरल हो चुका है। इसमें लोग उन पर निष्क्रियता और क्षेत्र के लिए कुछ न करने का आरोप लगा रहे हैं। प्रत्याशी की यह स्थिति चुनाव में भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने पिछले प्रत्याशी देवाशीष की जगह विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। बरैया एक समय बसपा के सर्वेसर्वा हुआ करते थे, अब कांग्रेस में हैं। इस नाते दलितों में उनकी अच्छी पकड़ है। भांडेर से वे लगभग 30 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीते हैं, लेकिन अपने कई बयानों के कारण वे सामान्य वर्ग की आंखों को खटकते हैं। कांग्रेस को चुनाव में इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा चुनाव में मिलीं 4-4 सीटें

विधानसभा चुनाव के लिहाज से भिंड लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस की ताकत लगभग बराबर है। दोनों दलों ने क्षेत्र की चार-चार सीटें जीती हैं। हालांकि माहौल कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा था, लेकिन पार्टी के दो दिग्गज चौधरी राकेश सिंह भिंड और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह लहार से चुनाव हार गए। इस चुनाव में भाजपा के एक दिग्गज डॉ. नरोत्तम मिश्रा को दतिया में पराजय का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें भिंड, लहार, मेहगांव और सेवढ़ा जीतीं, जबकि कांग्रेस ने अटेर, गोहद, भांडेर और दतिया में कब्जा किया।

### भिंड और दतिया जिले को मिलाकर बनी सीट

भिंड लोकसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इसके अंतर्गत भिंड जिले की पांच और दतिया जिले की तीन सीटें आती हैं। भिंड जिले की सीटों में अटेर, भिंड, लहार, मेहगांव, गोहद और दतिया जिले की सेवढ़ा, भाण्डेर तथा दतिया शामिल हैं। वर्ष 2008 से पहले तक भिंड लोकसभा सीट सामान्य थी, लेकिन इसके बाद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गई। जब सीट सामान्य थी, तब 1996 से 2004 तक लगातार डॉ. राम लखन सिंह भाजपा से सांसद रहे हैं। 1991 में भी भिंड से योगानंद सरस्वती जीते थे। आरक्षित होने के बाद 2009 में अशोक अर्गल, 2014 में डॉ. भागीरथ प्रसाद और 2019 में भाजपा की संध्या राय चुनाव जीते हैं। संध्या को एक बार फिर मौका मिला है। 1989 से लगातार यहां भारतीय जनता पार्टी ही काबिज है।

**ग्राउंड रिपोर्ट**

### भिंड में दलित और पिछड़ों का बोलबाला

- भिंड क्षेत्र के जातीय समीकरणों पर नजर डालने से पता चलता है कि यहां दलित एवं पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला है। दलित मतदाताओं की बहुतायत के कारण ही यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। दूसरे नंबर पर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी खासी है। चुनाव में सामान्य वर्ग के क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं, लेकिन ये दोनों वर्ग एक पार्टी में साथ नहीं जाते। चंबल-ग्वालियर अंचल की जातीय राजनीति का असर भिंड में भी है। हर चुनाव में इसका असर पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### मतदान अधिक से अधिक करने के लिए निकाली जागरूकता रैली

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान के लियें शा.उ.मा.वि.बम्हौरी बीका मे होली मिलन के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली को प्राचार्य सविता मिश्रा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को बमोरी ग्राम की मुख्य सड़कों से निकाल कर जन जागरूकता का संदेश दिया गया, जिसमे छात्र, छात्राओ सहित विद्या लय के स्टाफ ने भाग लिया। आम जनो से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर मयंक नेमा, रामबाबू तिवारी संस्था के शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद थे।

### सेवानिवृत कर्मचारियों के विदाई समारोह की जिम्मेदारी उपायुक्त वित्त को सौंपी

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री नगर निगम में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने/ सेवा निवृत्ति होने वाली अधिकारी कर्मचारियों का प्रति माह विदाई समारोह आयोजित किया जाता है प्रतिमाह आयोजित होने वाले विदाई समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु उपयुक्त वित्त को अधिकृत किया है जो विदाई समारोह हेतु चयनित स्थल पर सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान करने हेतु फूल माला शाल श्रीफल सम्मान पत्र एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति दिनांक पर ही जी पी एफ की राशि उपलब्ध हो सके इसकी व्यवस्था कराये जाने के भी निर्देश दिए है।

### लिपिक संवर्ग के नियमित कर्मचारियों को लेखा प्रशिक्षण 1 अप्रैल से

**सागर।** नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 109 वॉ 1 अप्रैल से 15 जून तक प्रारंभ होने किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण लिपिक संवर्ग के नियमित कर्मचारी जिन्होंने एक वर्ष की नियमित लिपिकीय सेवा पूर्ण कर ली है को दिया जावेगा जो 75 दिवसीय है। जिसमें मप्र कोषालय संहिता, वित्तीय संहिता, मलमूत पूरक एवं पेंशन नियम, बजट/ आडिट/ आईएफएमआईएस का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेंगा। इस प्रशिक्षण के उपरांत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंको से पास होने पर एक अग्रिम वेतन वृद्धि का भी लाभ देय होगा।




### टीकाकरण को लेकर वार्षिक योजना बनाई

**रहली।** विकासखंड रहली में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का समय पर शतप्रतिशत टीकाकरण करने के लक्ष्य को लेकर नियमित टीकाकरण कार्ययोजना निर्माण करने के सम्बन्ध में जनपद सभागार रहली मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एम एल जैन, डॉ अखिलेश पटेल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुयश सिंघई, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ बसंत नेमा, बी सी एम आशीष सराफ एवं सभी सेक्टर सुपरवाइजर की उपस्थिति में टीकाकरण वार्षिक योजना बनाई गयी।

### अग्रवाल विकास सभा की प्रबंध समिति की बैठक संपन्न रंग पंचमी पर आयोजित होगा होली मिलन समारोह

**सागर।** अग्रवाल विकास सभा सागर की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष आलोक अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विकास सभा की पिछली बैठकों के एजेंडे की पुष्टि करते हुए उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया, विकास सभा के कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने वर्ष 2023-24 का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य ने सर्वसम्मति से पारित किया । अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल ने बताया कि बैठक में विकास सभा के द्वारा आगामी वर्ष में आयोजित कार्यक्रमों पर चर्चा हुई जिसमें सभी ने विकास सभा द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष में अग्रवाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन, महाराजा अग्रसेन जी की जयंती एवं भव्य शोभायात्रा आयोजन, अग्रवाल समाज के परिवारों का धार्मिक स्थल पर परिवार मिलन सह पिकनिक, महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज एवं बच्चों के लिए शीतकालीन अवकाश में समर कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि रंगपंचमी पर अग्रवाल युवा मंच एवं महिला मंडल द्वारा दिनांक 30 मार्च को मकरोनिया स्थित साईं मंडपम में समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया किया गया है जिसमें आर्केस्ट्रा, महिला एवं बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम सहित सभी समाजजन गुलाल और अबीर की होली खेलेंगे। बैठक के अंत में सागर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के स्वदेशी मेले में उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की मुद्रा व प्राचीन सिक्कों के संग्रह पर सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी गई। सहसचिव मनीष अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में आलोक अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, रुप किशोर अग्रवाल, विवेक अग्रवाल मनीष अग्रवाल मोहन अग्रवाल उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचारियों से जब्त धन गरीबों को लौटाने का प्रधान मंत्री का निर्णय ऐतिहासिक : पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस घोषणा का स्वागत किया है जिसमें उन्होंने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा भ्रष्टाचारियों से जब्त की जा रही हजारों करोड़ रुपए की राशि को गरीबों को वापस लौटाने के लिए कानूनी प्रावधान बनाने का निर्णय लिया है। इस घोषणा को गरीब कल्याण के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताते हुए पूर्व मंत्री सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस वर्षों में देश के बड़े भ्रष्टाचारियों पर निष्पक्षता से प्रभावी कार्रवाई की है जिससे स्वच्छ व पारदर्शी राजनीति की शुरुआत देश में हुई है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यहां जारी



बयान में कहा कि भ्रष्टाचारियों द्वारा गरीबों से लूटा गया धन उन तक वापस पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम चुनाव के बाद एक सुदृढ़ विधिक प्रावधान लाएंगे ऐसा संकल्प प्रधानमंत्री ने व्यक्त किया है। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस वर्ष पूर्व देश की जनता से भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टालरेंस के साथ ठोस कार्रवाई का वायदा किया था जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी व निष्पक्षता से निभाया है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध छेड़े गए अभियान में आज देश के बड़े बड़े भ्रष्टाचारी जेलों में हैं और सुप्रीम कोर्ट तक से उन्हें जमानत नहीं मिल पा रही। सख्त कार्रवाई से यह संदेश देश भर में गया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। सरकार पर दस वर्षों में एक रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप कोई नहीं लगा सका। पारदर्शिता, शुचिता और सुशासन की राजनीति को लगातार प्रोत्साहन मिला है। अब प्रधानमंत्री ने एतिहासिक निर्णय की ओर कदम बढ़ा दिए हैं जिसके तहत देश की जनता और गरीबों के अधिकार का जो धन भ्रष्टाचारियों द्वारा लूटा गया है वह वापस देश के गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं के कल्याण में लगाया जाएगा।



### कलेक्टर आर्य ने किया एमसीएमसी कंट्रोल रूम और कम्युनिकेशन कक्ष का निरीक्षण

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गठित एमसीएमसी कक्ष का कलेक्टर दीपक आर्य ने निरीक्षण किया। कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 218 में बनाए गए मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के दौरान उन्होंने वहां इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया से संबंधित खबरों और पेपर कटिंग का ब्यौरा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों पर विशेष निगरानी रखें।आर्य ने सोशल मीडिया के संबंध में निर्देश दिए कि चुनाव को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी पैनी नजर रखें। उन्होंने सागर जिले के लोकल यूट्यूब चैनल पर चलाई जाने वाले वाली खबरों के संबंध में निर्देशित किया कि ऐसे सभी चैनलों की भी लगातार मॉनिटरिंग की जाए।

### लोकसभा निर्वाचन के दौरान कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, व सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर के आदेशानुसार जिला लोकसभा निर्वाचन-2024 पूर्ण होने तक सभी कर्मचारियों की सेवाएं एवं सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित रहेंगे। विशेष कारणों तथा प्राकृतिक आपदा या बीमारी के संबंध में जिला मेडिकल बोर्ड के प्रमाण पत्र पर प्रथम / द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के मामले में कलेक्टरतथा तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के मामले में अपर कलेक्टर, द्वारा स्वीकृत उपरांत छोड़ने की पात्रता होगी।

## देवरी रहली मार्ग पर ग्रामीणों से भरी पिकअप पलटी, 18 घायल, 6 गंभीर

### 108 एम्बुलेंस सेवा से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में भर्ती कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

सागर जिले के देवरी थाना अंतर्गत देवरी रहली मार्ग पर डोंगरसलैया गांव के निकट ग्रामीणों से भरे पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार 18 ग्रामीण घायल हो गये जिन्हें 108 ऐम्बूलेंस सेवा द्वारा देवरी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया है। घायलों में 6 की हालत गंभीर बताई गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक घायल गौरझामर ग्राम के नयापुरा मुहल्ले के निवासी है जो होली पर्व पर फाग गाने के लिए गढ़ाकोटा जा रहे थे इसी दौरान देवरी रहली मार्ग पर उनका वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे उसमें सवार 18 लोग घायल हो गये। घटना ग्राम डोंगरसलैया के निकट हुई है। घायलों ने बताया कि घटना के समय पिकअप वाहन में लगभग 30 से अधिक लोग सवार थे। पहले वह खकरिया ग्राम गये थे फिर वह वहाँ से लौटकर गढ़ाकोटा जा रहे थे।

घटना की सूचना मिलने के बाद पहुँची विभिन्न थाना क्षेत्र के 108 ऐम्बूलेंस वाहनों द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जिनका उपचार किया जा रहा है। घायलों में आधा दर्जन ग्रामीणों की स्थिति गंभीर जिसमें में अधिकांश वृद्ध है।

### वोटर हेल्पलाइन नंबर जारी

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कोई भी नागरिक किसी भी समय कोई भी प्रश्न निशुल्क पूछ सकता है या फिर शिकायत दर्ज कर सकता है।

### वृंदावन बाग ट्रस्ट ने 40 लाख 73 हजार रूपए की राशि का चैक जमा किया

## निगम आयुक्त के प्रयासों से मात्र 3 दिन में ही दो ट्रस्टों ने एक करोड़ 40 लाख 73 हजार की बकाया कर राशि जमा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

वित्तीय वर्ष 2023- 24 की समाप्ति हेतु कुछ ही समय शेष है, इसलिए बकाया निगम करों की अधिक से अधिक वसूली के लिए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के प्रयासों से बड़े बकायादार निगम करों की राशि जमा करने आगे आ रहे हैं। 26 मार्च को गेडा जी ट्रस्ट द्वारा एक करोड़ की राशि निगम में जमा करने के बाद गुरुवार को वृंदावन ट्रस्ट द्वारा 40 लाख 73 हजार 851 रुपए की बकाया कर की राशि चेक के माध्यम से वृंदावन ट्रस्ट के महंत नरहरिदास ने नगर निगम में जमा कराई । इस



प्रकार नगर निगम में दूसरी बड़ी राशि ट्रस्ट द्वारा एक मुक्त जमा कराई गई है। बकाया राशि का चेक देते हुए ट्रस्ट के महंत श्री नरहरि दास ने कहा कि नगर विकास के लिए नगर निगम जितना आर्थिक रूप से मजबूत होगा उतनी ही तेजी से नगर में विकास कार्य होंगे, इसलिए उन्होंने अन्य बकाया करदाताओं से नगर विकास में बकाया करों की राशि जमा कर सहयोग करने की अपील की।

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने श्री देव वृंदावन ट्रस्ट की महंत श्री नर हरिदास द्वारा नगर निगम को दी गई एकमुश्त बकाया कर की राशि का चेक देने पर उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि नगर विकास में उनका सहयोग सराहनीय है और दूसरे बड़े बकायादारों सेबी अनुरोध है कि वे भी नगर विकास में सहयोग करते हुए अपने ट्रस्ट व संपत्ति के बकाया कर की राशि जमा करें ।

### संगीतमय हास्य कवि सम्मेलन 30 मार्च को

**सागर।** पांच दिनी होली की रंगपंचमी 30 मार्च दिन शनिवार को है। इस दिन पूरा शहर व जिला रंगों से सराबोर हो जाएगा। जितनी धूम और उत्साह होली के पहले दिन देखने को मिलती है । सम्पूर्ण बुंदेलखंड में उससे कहीं ज्यादा रंगपंचमी के दिन रहेगा। सुबह से रात तक हुरियारों की टोलियां होली खेलती नजर आएंगी। हर तरफ रंगे-पुते चेहरे ही दिखाई देंगे। हर वर्ष की तरह इस 22 वे वर्ष रंगपंचमी 30 मार्च को शाम 5 बजे नगर निगम मार्किट के प्रथम तल मनवानी स्टूडियो पर मनवानी फिल्म्स एवं सिन्धु संस्कार समिति के तत्वावधान में संगीतमय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ.सुरेशचंद रावत व चम्पक भाई ने बताया की शहर के सभी कवि व कवियत्री आमंत्रित है। संस्था डायरेक्टर राजेश मनवानी ने बताया की रंगपंचमी पर मनवानी फिल्म्स हर साल यह कार्यक्रम करता है । कवि सम्मलेन तो एक बहाना है बल्कि शहर के कवि एक दूसरे से मुलाकात कर यादें ताजा करते है, और एक दूसरे से मिलते है। मुख्य अतिथि नारायणदास निरंकारी, हरगोविंद विश्व, डॉ.गजाधर सागर, समाजसेवी अजय मोहनानी, रहेंगे। कार्यक्रम का सञ्चालन एड. महेश नेमा व स्वाति जैन करेंगे । वयोवृद्ध झामनदास मोटवानी, शंकर मोटवानी, अनिल जसवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर की जानीमानी हस्तियों में अजय मोहनानी, निर्मल भोले, मोहनलाल सडानी, पप्पू तिवारी, आकाशवाणी कलाकार जगदीश सागर, एमडी त्रिपाठी, ब्रजकिशोर पुरोहित, नवीन मोटवानी, अनिल गंगवानी, राजा नागवानी, लालचंद मेठवानी, अजय पंजवानी, संतोष माधवानी, उमेश समैया, रवि सुंदरानी उपस्थित थे।

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीचन्द पंजवानी तनय मथुरामल पंजवानी (सब्जी मंडी वाले) आयु 58 वर्ष निवासी नॉवल्टी गली, संतकवर राम वार्ड, सागर (म.प्र.) आधार क्रमांक 269046628818 मेरी एवं मेरी पुश्तैनी चल एवं अचल सम्पत्ति जो भी सागर (म.प्र.) में है, मेरा बड़ा पुत्र महेश कुमार पंजवानी तनय श्रीचन्द पंजवानी आयु 36 वर्ष आधार क्रमांक 207385419606, द्वितीय पुत्र राहुल पंजवानी आयु 34 वर्ष आधार क्रमांक 484961225111 एवं तृतीय पुत्र आकाश पंजवानी तनय श्रीचंद पंजवानी उम्र 33 वर्ष आधार क्रमांक 869998663604 तीनों निवासी नॉवल्टी गली संतकवरराम वार्ड सागर (म.प्र.) जिनको आज दिनांक 28-03-2024 दिन गुरूवार को अपनी एवं मेरे हक की मेरी पुस्तैनी चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज दिनांक से किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा मेरे तीनों पुत्रों महेश पंजवानी, राहुल पंजवानी एवं आकाश पंजवानी से यदि किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार या लेन-देन किया जाता है तो उसका जिम्मेदार वहीं व्यक्ति होगा।

आज दिनांक 28-03-2024 दिन गुरुवार से महेश पंजवानी, राहुल पंजवानी एवं आकाश पंजवानी का समस्त चल एवं अचल सम्पत्तियों में कोई हक व विधिक अधिकार नहीं होगा एवं भविष्य में मुझसे किसी प्रकार की कोई चल एवं अचल संपत्ति प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे। मैं समस्त सम्पूर्ण भारत वर्ष के नागरिकों को सूचित करता हूँ कि, यदि किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा महेश पंजवानी, राहुल पंजवानी एवं आकाश पंजवानी से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेन-देन किया जाता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी किसी प्रकार की कोई जबावदारी नहीं होगी।

दिनांक:-28-03-2024

सूचनाकर्ता
श्रीचन्द पंजवानी
तनय मथुरामल पंजवानी , नावल्टी गली, संतकवरराम वार्ड, सागर (म.प्र.)
द्वारा अधिवक्ता-ए.पी. सरकार (नोटरी) सागर

## खबर संक्षेप

### नहीं हुआ कोई नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत

**टीकमगढ़।** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-टीकमगढ़ (अजा) के रिटर्निंग ऑफिसर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-टीकमगढ़ अजा में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोकसभा सदस्य के निर्वाचन की सूचना का गुरूवार को प्रकाशन करने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रारंभ हो गया है। आज गुरूवार को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### पुलिस ने कार्रवाई कर तेरह लाख से अधिक की राशि की जब्त




**टीकमगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी टीकमगढ़ अवधेश शर्मा के मार्गदर्शन में एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 की आचार संहिता के पालन में शुक्रवार को थाना कोतवाली एवं एफएसटी टीम की संयुक्त कार्यवाही में तीन अलग-अलग व्यक्तियों से 13 लाख 60 हजार रुपए नगद जब्त किए गए। कार्यवाही के दौरान शआनंद राज नगर निरीक्षक कोतवाली, एफएसटी प्रभारी श्रीपत अहिरवार, नायब तहसीलदार टीकमगढ़, प्रधान आरक्षक हरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज, आरक्षक अनिल पचोरी, मुकेश उपाध्याय एवं अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

### 315 बोर के जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध हथियार रखने वालों, पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी पुलिस टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी कुड़ीला उप निरीक्षक बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में गुरूवार के रोज को कुड़ीला पुलिस द्वारा जिलाबदर आरोपी सुरेंद्र विश्वकर्मा पुत्र आनंदी विश्वकर्मा 42 वर्ष निवासी चंदेरी को जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर एवं अवैध एक 315 बोर के देशी कट्टा व एक 315 बोर के जिंदा कारतूस के साथ ग्राम चंदेरी में पहाड़ी के पीछे से गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कुड़ीला उप निरीक्षक बृजेंद्र सिंह घोष, उप निरीक्षक रामलाल कोल, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र परिहार, आरक्षक चंद्रकांत उपाध्याय, तरुण गंधर्व, अभिषेक, जगदीश, संतोष कुमार, बलराम प्रजापति शामिल रहे।

### शनिवार को बंद रहेंगी शराब दुकानें

**विदिशा।** शनिवार 30 मार्च को रंगपंचमी के कारण शराब दुकानें बंद रहेंगी। जिले की 73 कम्पोजिट शराब दुकानें 30 मार्च को शाम 4 बजे तक बंद रहेंगी। वहीं हॉट बामोरीशाला की शराब दुकान पूरे दिन बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# मूर्ति खंडित करने के मामले में मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

इसी माह धार्मिक आस्था के प्रति दुर्व्यवहार करने के लिए पुलिस ने एक आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए अपनी कार्यवाही को अंजाम दिया है। जिसके तहत संबंधित पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

फरियादी विक्रम सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह बुन्देला 18 वर्ष निवासी टौरिया मिडौरा थाना मोहनगढ़ ने एक हस्तलिखित आवेदन पत्र इस आशय का दिया था कि गत 8 मार्च 2024 के शाम करीब 7.00 बजे रोज की तरह शियर माता मंदिर मे दीपक जलाने गया था। तो वहां मंदिर में देखा माता की मूर्ती नहीं है। वहां से हमें एक औरत जिसका नाम रम्पी अहिरवार है और कुछ लोग उसके साथ थे। जिन्हे हम पहचान नहीं सके। वहां से भागते हुये देखा




फिर हमने वहा से अजय सिंह को फोन लगाकर घटना बतायी थी तो कुछ समय बाद गांव के लोग इकठ्ठा होकर वहां पहुंचे हम लोगों ने मूर्ती ढूडने का प्रयास किया जो नही मिली फिर गांव वालो ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस आ गयी। फिर हम लोगों ने रात में मूर्ती को ढूंढ़ने का प्रयास किया उसमें पुलिस भी साथ मे थी। दूसरे दिन गत 9 मार्च के करीब नौ बजे हम गांव वालो एवं पुलिस के साथ ढूंढ़ने पहुंचे तो एक गड्ढा मे माता की मूर्ती खंडित अवस्था मे गढ़ी मिली। जिससे हम लोगो की धार्मिक आस्था पर ठेस पहुंची है। जिसके आवेदन पत्र के मजमून से अपराध धारा 295 भादवि का घटित होना पाये जाने से थाना मोहनगढ मे अपराध क्रमांक 59/2024 धारा 295 भादवि का कायम का जाकर विवेचना की गई।

दौरान विवेचना के शियर माता मंदिर की मूर्ति जो मंदिर के पास एक गड्ढे में गढ़ी हुयी मिली थी जो घटना स्थल से मौके पर गांव वाले एवं मीडिया पत्रकारगणों सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे उनकी उपस्थिति में उक्त खंडित मूर्ति जब्त की गई थी। बाद आरोपिया रम्पू उर्फ रामप्यारी अहिरवार के पूछताछ की गई। जिसने बताया कि यह माता को जल चढ़ाने गयी थी। जो जल चढ़ाते समय मूर्ति खंडित हो गयी थी। मूर्ति खंडित होने व गांव वाले के डर के कारण मूर्ति को वहीं पास बने गड्ढे मे दबा दिया था।

### तेज रफ्तार बाइक ने बालिका को कुचला, मौत

**पलेरा।** नजदीकी गोवा गांव में बीती रात्रि एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने 8 वर्षीय बालिका को अपनी लापरवाही से कुचल दिया। जिसमें उक्त बालिका की मौत हो गई ।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बम्हौरी कलां थाना अंतर्गत गोवा गांव में बुधवार की रात्रि 8 बजे के दरमियान बाइक क्रमांक एमपी 36 एमएच 5831 पर तीन युवक सवार होकर जा रहे थे तेज रफ्तार में बाइक चला रहे थे तभी गोवा गांव की 8 वर्षीय बालिका काजल चौरसिया पुत्री बालमुकुंद चौरसिया को उक्त तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने रौंद डाला, जिसमें बालिका के सिर, कमर की हड्डियां टूट चुकी थी और उसे गंभीर अवस्था में बालिका के परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल टीकमगढ़ पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने बालिका को देखते हुए मृत घोषित कर दिया। जहां अगले दिन की सुबह बालिका के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया। जिसके बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं बम्हौरीकलां थाना पुलिस ने बाइक को बरामद कर लिया है। वहीं आरोपी मौके से भाग खड़े हुए जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। बताया जाता है कि जिस बाइक से दुर्घटना हुई उसमें रात्रि के समय लाइट नहीं जल रही थी ।

### मंदिर के पुजारी पर लगे नाबालिक से छेड़छाड़ के आरोप, मामला दर्ज




**टीकमगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मंदिर पूजा करने गई नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। लड़की गुरुवार को अकेले मंदिर पूजा करने गई थी। इसी दौरान पुजारी ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। लड़की ने परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि शहर के नयाखेरा रोड स्थित एक मंदिर के पुजारी पर एक नाबालिग लड़की ने छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 वह मंदिर पूजा करने गई थी। इस दौरान अकेला पाकर पुजारी ने छेड़छाड़ का प्रयास किया। लड़की की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने पुजारी 50 वर्षीय बालक दास के खिलाफ छेड़छाड़ की धारा 354 सहित पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि मामला मंदिर के पुजारी से जुड़ा है। इसलिए फिलहाल मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर आरोपी पुजारी को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल उसे निगरानी में रखने के निर्देश दिए गए हैं।

#### पुलिस ने एक लाख से अधिक की नकद राशि की जब्त

# लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस हुई मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

आचार संहिता लागू होने के बाद से पुलिस ने अपनी कार्यवाहियां तेज कर दी हैं। इसी के तहत गुरूवार को थाना देहात पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान किए 1 लाख 10 हजार रुपये जब्त किए हैं। वर्तमान में चल रही लोकसभा चुनाव-2024 आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम के द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियो की रोकथाम के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में गुरूवार को एसडीओपी टीकमगढ़ ाहुल कटरे



के दिशा निर्देशन में थाना देहात प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा थाना देहात के सामने सघन चेकिंग की जाकर रोड से गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी टीकमगढ़ कस्बा तरफ से एक चार पहिया वाहन रोका जिसे प्रवेंद्र तनय राकेश गुप्ता निवासी टीकमगढ़ चला रहा था। जिसको पुलिस एवं एफएसटी टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग करने पर से 1 लाख 10 हजार रुपये संदेहात्मक रुप में रखे हुये पाये जाने से एफएसटी टीम द्वारा उक्त राशि जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी देहात निरीक्षकरवि कुमार गुप्ता, सहायह उप निरीक्षक गोटीराम प्रजापति, प्रधान आरक्षक अजय यादव, आरक्षक अवनीश पुरी एवं एफएसटी टीम मोजूद रही।

### निर्वाचन कार्य समय पर करने के निर्देश

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारियों से चर्चा की। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन कार्यो का पत्राचार समय पर हो ऐसे विभाग जो समय पर जानकारियां उपलब्ध नहीं करा रहे हैं उन्हें रिमाण्डर अनिवार्य रूप से दिया जाए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुर्नरावृत्ति न हो। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने मतदान कर्मियों के लिए आयोजित होने वाले प्रशिक्षण, विधानसभावार कंट्रोल रूम गठित करने के साथ-साथ विभिन्न प्रकोष्ठो के माध्यम से संपादित होने वाले कार्यो का जायजा लिया है।

### मरीजों और उनके परिजनों को वोट डालने किया जागरूक


**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिला अस्पताल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप गतिविधि के तहत जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी ने सभी चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मरीज के परिजनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई एवं नागरिकों से सामूहिक चर्चा की। सिविल सर्जन डॉक्टर रघुवंशी ने अस्पताल में उपस्थित सभी मरीजों के परिजनों से मतदान करने के लिए उचित समझाइश दी ताकि जिले में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़े और विदिशा जिला सर्वाधिक मतदान वाला जिला बने। डॉक्टर रघुवंशी ने कहा कि जिला चिकित्सालय मे प्रतिदिन स्वीप गतिविधि को एक अभियान के रूप मे चलाया जाएगा।

# 37 डिग्री पर पहुंचा पारा, मौसम विभाग ने जताई बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम में आए परिवर्तन के कारण दिन और रात के तापमान में उछाल आ रहा है। जिसके कारण गर्मी का असर बढ़ता जा रहा है।

इधर आसमान में बादल भी छा रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि भी हो सकती है। मार्च की आखिरी सप्ताह में तापमान 37 डिग्री के पार हो गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। जिसके तेज गर्मी का एहसास होने लगा है। मंगलवार को दिन का तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस और रात का पर 20 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में मौसम विभाग के अनुसार आज उच्चतम तापमान 37 डिग्री से 38 डिग्री के बीच रह सकता है और रात के तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। 29 मार्च से एक्टिव हो रहे वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर देखने को मिल सकता है।



#### खेतों में कटी पड़ी है फसल

इधर खेतों में फसल कटाई का काम चल रहा है। खेतों में फसलें कटी पड़ी हैं। ऐसे में यदि बारिश होती है तो किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। किसानों ने बताया की अभी 40 प्रतिशत खेतों में ही कटाई हो पाई है। जिन किसानों ने बाद में बोवनी की थी। उसनकी अभी कटाई चल रही है। कई किसान थ्रेसिंग के काम में लगे हुए हैं। खलियानों में गेहूं पकड़ा है। ऐसे में यदि बारिश होती है तो किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा में द्वितीय स्थान पर रहा मध्यप्रदेश

### प्रतियोगिता में महज तीन गोल से जीता दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर में खेली गई हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में विदिशा हैंडबॉल एसोसिएशन के नेतृत्व में 45 वीं जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता विदिशा में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में देश से 26 राज्यों की टीमों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मुकाबला मध्य प्रदेश बनाम दिल्ली के मध्य खेला गया। जिसमें



**विदिशा।** विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

शुरुआत से हीं दिल्ली ने बढ़त बनाई। लेकिन हाफ टाइम के बाद पलट वार करते हुए पवन के गोलों के मदद से मध्य प्रदेश की टीम ने कई गोल अर्जित किए। लेकिन 30-27 के स्कोर से मैच गवा दिया। प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से तृतीय और चतुर्थ स्थान बिहार और तमिलनाडु को प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय हैंडबॉल महासचिव प्रीतपाल सलूजा ने प्रतियोगिता का व्यवस्थित आयोजन करने सभी सहयोगी टीम को धन्यवाद दिया और कहा कि सीनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी विदिशा को दिया जाएगा। प्रतियोगिता अध्यक्ष नागेंद्र लोधी द्वारा सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया गया।

#### कुरवाई तहसील के बम्होरी गांव में फसल काटने आए मजदूरों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर लगाई गुहार

# तीस मजदूरों से 25 दिन तक फसल कटवाई,अब भगा दिया

### कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर ने आश्वासन देकर राशि दिलाने की कही बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उमरिया जिले से 30 मजदूर कुरवाई तहसील के ग्राम बम्होरी में एक किसान के खेत पर फसल काटने आए थे। किसान ने मजदूरों से फसल तो कटवा ली लेकिन अब मजदूरी देने से इनकार किया जा रहा है। तकरीबन 25 दिन तक फसल कटवाई गई। मजदूरों ने बताया की 300 रुपेय प्रति व्यक्ति के हिसाब से मजदूरी देने की बात हुई थी। करीब दो लाख 25 हजार रुपए मजदूरी बन रही है। लेकिन किसान ने कोई भी राशि नहीं दी। मजदूरों ने बताया की पांच हजार रुपए आने जाने का किराया देकर भगा दिया गया। अब राशि मांगने पर गाली गलौज की जा रही है। इस बात की शिकायत लेकर सभी मजदूर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां डिप्टी कलेक्टर के सामने उन्होंने फरियाद रखी। डिप्टी कलेक्टर ने राशि दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।

#### दूज पर चित्रगुप्त मंदिर में हुआ भगवान का अभिषेक, आमसभा में आय व्यय का ब्योरा दिया

# कलम-दवात की पूजा के बाद चलाई कलम

### रविवार को आयोजित किया जाएगा होली मिलन समारोह, ऋषि श्रीवास्तव देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

दूज के अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों द्वारा घरों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना करने के बाद कलम चलाई। वहीं शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में सुबह 9 बजे भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक किया गया। नए वस्त्र पहनाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। वहीं शाम को भगवान चित्रगुप्त को भोग लगाया गया। सुबह पूजा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में समाजजन मंदिर पहुंचे। शाम 5 बजे आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने आय व्यय का ब्योरा दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट प्रदीप वर्मा और प्रोफेसर रेखा श्रीवास्तव मौजूद रहीं। कायस्थ परिवारों में दूज के अवसर पर कलम दवात की पूजा अर्चना की जाती है और पूजन के बाद ही समाजजन कलम का उपयोग करते हैं। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया की 31 मार्च को समाज का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने पर आमसभा के दौरान चर्चा की गई। इसमें कार्यकारिणी का विधि शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया की 31 मार्च रविवार को होली मिलन समारोह में भजन गायक ऋषि श्रीवास्तव और पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सक्सेना द्वारा भजनों और फाग गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

कायस्थ सभा के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राममोहन श्रीवास्तव, सचिव अखिलेश सक्सेना, कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव , सह सचिव डॉ हेमंत श्रीवास्तव ने समाजजनों से होली मिलन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, गोकाष्ठ पर्यावरण विद डॉक्टर योगेंद्र कुमार सक्सेना, रियल स्टेट व्यवसायी सुधीर श्रीवास्तव रहेंगे।



### साइकिल रैली 31 को, शामिल होने ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया जारी

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में जिले के सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान करें ताकि विदिशा जिला मतदान प्रतिशत के मामले में अव्वल रहें। इसके लिए इसी कड़ी के तहत रविवार 31 मार्च को साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। मतदान के प्रति जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढाने हेतु रविवार 31 मार्च की सुबह 7.30 बजे से जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित साइकिल रैली एसएटीआई कॉलेज से प्रारंभ होकर पीतलमील चौराह, कांच मंदिर, तिलक चौक से होते हुए एमएलबी स्कूल और फिर खेल मैदान स्टेडियम में सम्पन्न होगी। साइकिल रैली में शामिल होने के लिए पंजीयन ऑनलाइन कराना होगा।

दो महीने बाद अंधत्व कार्यक्रम के उप जिला प्रबंधक भी होंगे रिटायर

# कराहल में एक साल तो बडौदा में छह महीने से खाली नेत्र सहायक का पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जहां एक तरफ जिले में आंखों की बीमारी से पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकारी अस्पतालों में नेत्र सहायकों की कमी होती जा रही है। कराहल के सरकारी अस्पताल में जहां नेत्र सहायक का पद बीते एक साल से खाली पड़ा हुआ है। वहीं बडौदा के सरकारी अस्पताल में छह माह पहले रिटायर हुए नेत्र सहायक के स्थान पर किसी दूसरे नेत्र सहायक की पदस्थापना अभी तक नहीं हो सकी है। जबकि जिला अस्पताल में नेत्र सहायक की समस्या उत्पन्न होने वाली है। क्योंकि अंधत्व कार्यक्रम के उप जिला प्रबंधक का प्रभार देख रहे आदर्श सक्सेना भी दो महीने बाद रिटायर होने जा रहे हैं। इससे मरीजों की परेशानियां और बढ़ेगी। वहीं अंधत्व कार्यक्रम का संचालन भी प्रभावित हो सकता है।

दरअसल जिले के शासकीय अस्पतालों में नेत्र सहायकों की कमी के कारण अंदरूनी क्षेत्रों के लोगों को आंखों की तकलीफ होने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आमजन की ये दिक्कते नेत्र सहायकों के रिटायरमेंट के कारण और बढती जा रही है। बडौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ नेत्र सहायक रवि दीक्षित छह महीने पहले रिटायर हो गए है। लेकिन उनके स्थान पर किसी दूसरे नेत्र सहायक की पदस्थापना अभी बडौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं की गई है। जिसकारण बडौदा में नेत्र सहायक का पद करीब छह महीने से खाली पड़ा हुआ है। उधर कराहल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी नेत्र सहायक का पद बीते एक साल से खाली चल रहा है। बताया गया है कि कराहल में पदस्थ नेत्र सहायक महेन्द्र सिंह का करीब एक साल पहले शिवपुरी जिले में तबादला हो गया है। जिसकारण वे शिवपुरी जिले में चले गए है, मगर उनकी जगह कोई दूसरा नेत्र सहायक कराहल में अभी तक पदस्थ नहीं हुआ है।जिसके चलते कराहल क्षेत्र के लोग आंखो की परेशानी को लेकर एक साल से तकलीफे झेल रहे है।



### अभी सिर्फ यहां पदस्थ हैं नेत्र सहायक

जिले में नेत्र सहायकों की खासी कमी बनी हुई है। अभी वर्तमान में जिला अस्पताल सहित विजयपुर और सहसराम के सरकारी अस्पताल में ही नेत्र सहायक की पदस्थी बनी हुई है। अन्य सरकारी अस्पतालों में नेत्र सहायक ही पदस्थ नहीं है। जिस कारण आंखों की परेशानी को लेकर परेशान बने मरीज खासे परेशान बने हुए हैं।

### 31 मई को रिटायर होंगे सक्सेना, बढ़ेगी मरीजों की परेशानी

जिला अस्पताल की नेत्र यूनिट में पदस्थ होकर उप जिला प्रबंधक अंधत्व कार्यक्रम का प्रभार देख रहे नेत्र सहायक आदर्श सक्सेना 31 मई 2024 को रिटायर होने जा रहे हैं। उनके रिटायर होते ही किसी दूसरे नेत्र सहायक की पदस्थापना जिला अस्पताल में नहीं की गई है तो मरीजों की परेशानियां बढ़ना तय है। हालांकि इस संबंध में नेत्र यूनिट के द्वारा सक्सेना के रिटायर होने और उनकी जगह किसी दूसरे नेत्र सहायक की पदस्थापना को लेकर पत्र जारी कर दिया गया है।

### थम सकती है अंधत्व कार्यक्रम गति

जिले में इन दिनों चल रही अंधत्व कार्यक्रम की गतिविधियां अंधत्व कार्यक्रम के जिला उप प्रबंधक आदर्श सक्सैना के रिटायरमेंट के बाद प्रभावित हो सकती है। बता दें कि सक्सेना जिला अस्पताल में जहां नेत्र रोगियों की आंखों की जांच करते है। वहीं नेत्र ऑपरेशन शिविर और स्कूलों में स्कूली बच्चों की आंखों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क चश्में बांटने संबंधी कार्यक्रम के संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं।

### इनका कहना है

जिले में नेत्र सहायकों की कमी बनी हुई है। जिसकी जानकारी समय समय पर शासन को भेज रहे हैं। जिला अस्पताल में दो महीने बाद नेत्र सहायक का पद खाली होगा, इसको लेकर भी शासन स्तर पर पत्र भेज दिया गया है।

**डॉ जेएस राजपूत**
**सीएमएचओ, श्योपुर**


टारगेट 11 करोड़ 50 लाख का, कंपनी अभी वसूल पाई 2 करोड़ 80 लाख

# वसूली के लिए बिजली कंपनी ने दिखाई सख्ती, काटे जा रहे बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मार्च माह के हर सरकारी विभाग के लिए वसूली का लक्ष्य रहता है, जिसमें बिजली कंपनी भी अपने बकायादार उपभोक्ताओं पर सख्ती से वसूली कर रही है। इसमें श्योपुर जिले को विजिलेंस वसूली का टारगेट 11 करोड़ 50 लाख रुपए मिला है। लेकिन अभी तक बिजली कंपनी दो करोड़ 80 लाख के आसपास ही राशि वसूल पाई है। अब बिजली कंपनी के पास टारगेट पूरा करने के लिए 31 मार्च तक का समय शेष है। इसलिए बिजली कंपनी ने वसूली को लेकर सख्ती दिखाते हुए बकायदारों के बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसके चलते शहर सहित जिलेभर में बकायदारों के बिजली कनेक्शन धड़ाधड़ काटे जा रहे हैं।

दरअसल बिजली कंपनी के अंतर्गत श्योपुर जिला दो डिवीजनों में बंटा हुआ है। साउथ डिवीजन के तहत श्योपुर शहर सहित बडौदा और कराहल क्षेत्र आता है। जबकि नॉर्थ डिवीजन के तहत विजयपुर, वीरपुर, सोंईकलां, मानपुर और ढोढर क्षेत्र आता है। बिजली कंपनी के मुताबिक श्योपुर जिले के दोनों डिवीजनों के तहत विजिलेंस वसूली का 31 मार्च 2024 तक 11 करोड 50 लाख रूपए का टारगेट दिया गया है। जिसमें साउथ डिवीजन को 6 करोड और नॉर्थ डिवीजन को 5 करोड 50 लाख रुपए की राजस्व वसूली करना है। बताया गया है कि बिजली कंपनी की साउथ डिवीजन की टीम अभी तक 6 करोड के टारगेट के मुकाबले एक करोड 75 लाख रूपए की राशि वसूल पाई है। जबकि नॉर्थ डिवीजन की बिजली कंपनी टीमे एक करोड 5 लाख रूपए के आसपास की वसूली कर पाई है। लेकिन ये वसूली टारगेट के मुकाबले बहुत कम है और अब 31 मार्च भी नजदीक आ गया है। इसलिए बिजली कंपनी की टीमों ने बकाया वसूली को लेकर सख्ती के साथ कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान बकायदारों के कनेक्शन भी धड़ाधड़ काटना शुरू कर दिए हैं।



### बिजली बिल जमा कर परेशानी से बचें उपभोक्ता

बिजली वितरण कंपनी बिलों की बकाया राशि वसूले जाने को लेकर सख्त रख अपनाने लगी है। बिजली कंपनी श्योपुर साउथ के उप महाप्रबंधक कमलकांत सिंह ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि अपना बिजली बिल समय पर जमा कराए और होने वाली असुविधा से बचें।

### गर्मी से बेहाल हो रहे लोग

राजस्व वसूली का टारगेट पूरा करने के लिए बिजली कंपनी ने बकायदारों के कनेक्शन काटना शुरू कर दिए हैं। तेज होती गर्मी के बीच बिजली कनेक्शन कटने से घरों के अंदर चलने वाले कूलर पंखे बंद हो गए हैं। जिसकारण लोग गर्मी से बेहाल होकर परेशान हो रहे हैं। ऐसे में परेशान हो रहे लोग अपने कनेक्शनों को जुड़वाने के लिए बिजली कंपनी के अफसरों को सिफारिशे के लिए फोन लगवा रहे है। बिजली कंपनी के अफसर मोबाइल पर आने वाले फोन कॉलो को उठाने से कतरा रहे हैं।

# होली मनाने घर से निकला युवक लापता, चंबल नहर में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

होली मनाने के लिए घर से ससुराल जाने के लिए निकला युवक लापता हो गया। जिसकी तीन दिन बाद चंबल नहर में उतराती हुई लाश मिली है। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने पीएम के बाद युवक के शव को परिवार के लोगो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली टीआई योगेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि भाजपा कार्यालय के सामने रहने वाला आकाश पुत्र श्रीपाल आदिवासी 25 मार्च को घर से यह कहकर निकला था कि वह होली मनाने के लिए अपनी ससुराल बडौदा जा रहा है। लेकिन वह देर शाम तक न तो बडौदा पहुंचा और न ही लौटकर घर आया। इस मामले में आकाश के पिता श्रीपाल आदिवासी ने गुमशुदगी दर्ज कराई। जिसके बाद उसे तलाशना शुरू किया। इसी बीच बुधवार को ढोढर थाना क्षेत्र स्थित मंगूराम का डेरा के पास चंबल नहर में आकाश आदिवासी का शव तैरता मिल गया। पीएम के बाद शव परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नहर में नहाने गया युवक डूबा, दो दिन बाद मिला शव

**श्योपुर।** चंबल नहर में नहाने के लिए गया एक युवक डूब गया, जिसकी दो दिन बाद चंबल नहर से लाश बरामद हुई है। मामला बडौदा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि बडौदा निवासी नरेन्द्र 25 वर्ष पुत्र मेघराज सुमन होली के दिन नहाने के लिए चंबल नहर में गया था। नहाने के दौरान वह चंबल नहर में डूब गया। जिसकी परिजन और पुलिस चंबल नहर में दो दिन से तलाश कर रहे थे। दो दिन बाद बुधवार को उसका शव देहात थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मातासूला के पास चंबल नहर से बरामद हुआ है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छह बटूकों का हुआ सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार



**श्योपुर।** श्री नीलकंठ वैदिक गुरूकुलं श्योपुर में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग स्थानों से आए 6 बटूकों का सामूहिक यज्ञोपवित उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार व अनुष्ठान के संपन्न होने के साथ छह बटुकों को यज्ञोपवीत संस्कार के तहत जनेऊ धारण कराया गया। यज्ञोपवीत संस्कार से पूर्व बटुकों का मुंडन करवाया गया। इसके बाद पं भरत शास्त्री और हरिओम शरण शास्त्री के आचार्यत्व में विधि-विधान से भगवान गणेश सहित देवताओं का पूजन, यज्ञवेदी एवं बटुकों को अधोवस्त्र के साथ माला पहनाकर बैठाया गया। इसके बाद विनियोग मंत्र ब्रह्मचर्य के पालन की शिक्षा के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। गायत्री मंत्र की दीक्षा देने के बाद बटुकों ने भिक्षा लेकर गुरु को अर्पण की। इसके बाद गुरु ने उनके कानों में गुरु मंत्र दिया। इस दौरान बटूको के माता पिता सहित श्री नीलकंठ वैदिक गुरूकुलं संचालन समिति के पदाधिकारी व समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# सीएम राइज स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया पूरी, लॉटरी के माध्यम से कराया प्रवेश



### 142 सीटों पर प्रवेश के लिए आए 388 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के बायपास रोड स्थित सीएम राइज स्कूल श्योपुर में कक्षा एक से 8 वीं तक की कक्षाओं में रिक्त बनी 142 सीटों पर नवीन शिक्षण सत्र में प्रवेश देने के लिए गुरुवार को पालकों और छात्रों की उपस्थिति में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।

सीएम राइज स्कूल प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने बताया कि प्रवेश के लिए 16 से 23 मार्च तक आवेदन लिए गए थे। इस दौरान 142 सीटों पर प्रवेश के लिए 388 आवेदन प्राप्त हुए। लोक शिक्षण संचनालय के निर्देशों के पालन में गुरूवार को दोपहर 12:00 बजे पालकों के समक्ष लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। लॉटरी के माध्यम से प्रवेश सूची और प्रतीक्षा सूची तैयार कर नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई। प्राचार्य खंडेलवाल ने बताया कि 1 से 6 अप्रैल तक लॉटरी द्वारा चयनित विद्यार्थियों के आवश्यक दस्तावेज जमा होंगे। लॉटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थी यदि प्रवेश नहीं लेता है तो संबंधित कक्षा से प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थी को प्रवेश के लिए मौका दिया जाएगा। इस मौके पर संकुल प्राचार्य मनोज पाराशर सहित स्कूल स्टाफ और पालक व विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच का संचालन विट्ठल कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

कागजों तक सीमित बनी चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना

# कैसे पहुंचेगा हर खेत तक पानी कनेक्शन लाइन ही पूरी नहीं जोड़ी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

35 गांवों के किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए करोड़ों रुपए खर्च करके धरातल उतारी गई चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना दो साल बीतने के बाद भी कागजों तक ही सीमित बनी हुई है। भलेही विभागीय अधिकारी खेतों तक पानी पहुंचाने के दावे करें, लेकिन क्षेत्रीय किसानों की माने तो दो साल में अभी तक एक भी खेत में इस परियोजना के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंचा है। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर मीणा सहित अन्य कई क्षेत्रीय लोगों ने इस संबंध में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड से मुलाकात की और बताया कि खेतों पर पानी कैसे पहुंचेगा, क्योंकि अभी तक खेतों पर सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने के लिए कनेक्शन लाइन ही पूरी जोड़ी नहीं गई है।

पूर्व भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महावीर मीणा की अगुवाई में मिले प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड को सौपे पत्र में उल्लेख किया है कि विभाग और कंपनी की लापरवाही के कारण शासन की चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना कागजी साबित होकर रह गई है। खेतों पर सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने के लिए जिन स्थानों पर कनेक्शन बॉक्स लगाए गए है, उनमें से कुछ कनेक्शन बॉक्सों के अभी कनेक्शन हीं नहीं हो पाए है। जो कंपनी इस काम को रही है,उसमें पास एक्सपर्ट लोगों का अभाव साफ नजर आ रहा है। कई जगह लाइन लीकेज हो जाती है। जिससे खेतों में पानी भरने से किसानों की फसले खराब हो जाती है। प्रतिनिधी मंडल ने बताया कि अभी तक पूरी लाइन ही चैक नहीं की गई है। ऐसे में अभी चंबल नहर में पानी का प्रवाह चल रहा है। इसलिए जल्द ही इस परियोजना के तहत बिछाई गई पूरी लाइन को चैक किया जाए। प्रतिनिधी मंडल ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि जल्द ही इस परियोजना का संचालन विधिवत शुरू करवाया जाए। प्रतिनिधी मंडल में ग्राम पंचायत तुलसेफ सरपंच, नाथूलाल सोईकलां, रामस्वरूप, धर्मेन्द्र आदि नागरिक मौजूद थे।



# होली मानने को लेकर एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ता हुए आमने सामने, पुलिस ने संभाली स्थिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पीजी कॉलेज श्योपुर में गुरुवार को होली मनाने को लेकर एनएसयूआई और एबीवीपी कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए। दोनों के बीच विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि कॉलेज प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। इस मामले में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कॉलेज प्रबंधन पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा धारा 144 को तोड़ने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

गुरुवार को पीजी कॉलेज में दोपहर 2 बजे के आसपास परीक्षा आयोजित कराई जा रही थी और एडमिशन फॉर्म भी वितरण किए जा रहे थे परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी और फॉर्म आदि लेने के लिए कॉलेज पहुंचे विद्यार्थियों को कॉलेज परिसर में डीजे लगाकर गुलाल उड़ाते हुए एबीवीपी कार्यकर्ता दिखाई दिए जिन्हें देखकर कई विद्यार्थी तो छुप कर आगे निकल गए लेकिन कुछ रंग कर ही पहुंचे इसकी सूचना मिलने पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने वहां पहुंचकर कॉलेज परिसर में तेज आवाज में डीजे बजाने और बिना परमिशन के होली मनाने को लेकर आपत्ति जताना शुरू कर दी। दोनों संगठनों के कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए। इस दौरान कालेज प्रबंधन ने आकर दोनों को समझाइश देकर चुप करने का प्रयास किया, लेकिन एनएसयूआई कार्यकर्ता एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कॉलेज प्रबंधन पर भी कॉलेज में राजनीतिक करने का आरोप लगाने लगे और वह होली के हुड़दंग और डीजे बंद करने की मांग करने लगे दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच विवाद बढ़ता देख कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस को फोन कर दिया जिसके बाद होली मनाने के लिए वहां एकत्रित हुए एबीपी कार्यकर्ता पुलिस को देख खिसक लिए लेकिन डीजे और दूसरे सामान को पुलिस ने जप्त कर लिया।

### आचार संहिता का पाठ पढ़ाने वाले खुद भूले नियम

इस समय लोकसभा चुनाव के तहत आदर्श आचार संहिता लागू है जिले में धारा 144 लगा दी गई है इन नियमों का पालन करने की सबसे अधिक जिम्मेदारी स्वीप प्लान के तहत कॉलेज प्रबंधन रेलिया निकालकर वह विभिन्न गतिविधियां कराकर निभाता है। उसी कॉलेज प्रबंधन को अपने यहां आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होते कैसे नहीं दिखा? जबकि जिस समय होली खेली जा रही थी सभी अधिकारी कॉलेज परिसर में ही मौजूद थे।

### इनका कहना है...

कॉलेज खुलने से पहले बिना परमिशन के एबीवीपी कार्यकर्ता डीजे बजाकर होली खेल रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर हमने पुलिस को बुलाकर हुड़दंग बंद करा दिया। कॉलेज परिसर में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

**डॉ बिपिन बिहारी शर्मा**
**प्रिंसीपल पीजी कॉलेज**

आचार संहिता के बीच एबीवीपी कार्यकर्ता कॉलेज परिसर के भीतर डीजे बजाकर होली के नाम पर हुड़दंग कर रहे थे। कई छात्र-छात्राओं पर जबरदस्ती रंग डाल रहे थे। इस काम में कॉलेज प्रबंधन भी एबीवीपी से मिला हुआ था। यह लोग हमसे लड़ने को भी आमादा हो गए थे। मेरे ऊपर भी जबरिया रंग डाला गया था।

**प्रदीप जाट**
**जिलाध्यक्ष एनएसयूआई**

इस तरह की सूचना मिली थी। जिसके बाद कॉलेज पहुंचे, लेकिन वहां होली मनाने वाले छात्र नहीं मिले। एक डीजे गाड़ी जरूर मिली, जिसे कोतवाली थाने ले आए हैं।

**सुरेश धाकड़**
**एसआई कोतवाली**


आमजन की लापरवाही का दंश झेल रहा नपा का सफ़ाई अमला

# क्या कलेक्टर का स्वच्छता जागरुकता अभियान बदलेगा लोगों की संकीर्ण हो चुकी मानसिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर


स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैकिंग सुधारने और शहर को साफ सुथरा बनाने की गरज से कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश नगर पालिका को दिए हैं। लेकिन क्या यह निर्देश आमजन की स्वच्छता के प्रति संकीर्ण हो चुकी मानसिकता को बदलने में सफल होंगे या फिर कलेक्टर के आदेश भी सिर्फ रस्म अदायगी बनकर रह जाएंगे।

आईएएस लोकेश कुमार जांगिड ने कलेक्टर का प्रभार संभालते ही सबसे पहले शहर को साफ सुथरा बनाने की चिंता की। इसको लेकर उन्होंने सीएमओ सतीश मटसेनिया को निर्देश दिए थे कि शहर में रोजाना जागरूकता अभियान चलाया जाए जिसके तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। खासकर कचरा को सड़क पर फेंकने से रोकने और कचरा सिर्फ कचरा गाड़ियों में ही डालने के लिए प्रेरित करने का काम किया जाए। हालांकि नगर पालिका ने इस काम की शुरुआत कर भी दी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद जिले का पूरा सरकारी अमला अब निर्वाचन प्रक्रिया में ही जुट गया है जिसके चलते स्वच्छता जागरूकता अभियान फिलहाल स्थगित दिखाई पड़ रहा है। पर प्रश्न यही उठ रहा है कि क्या कलेक्टर के यह प्रयास भागीरथी प्रयास साबित होंगे या फिर यह कवायद आदेश निर्देश तक सीमित रहेगी।



### स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रति गंभीर दिख रहे कलेक्टर

स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रति कलेक्टर कितने गंभीर हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नगर पालिका से जहां उन्होंने रोजाना स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश हैं, वहीं लापरवाह लोगों पर जुर्माना और जेल की कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत जो लोग सड़कों पर कचरा फेंक रहे हैं उन्हें पहले तीन बार जुर्माना से दंडित किया जाएगा और नहीं सुधरने पर चौथी बार एसडीएम के सामने पेश कर जेल की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के इस फैसले से ही पता चलता है कि वह श्योपुर शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में आगे लाने के लिए कितने गंभीर हैं।



### प्रतिबंधित पॉलीथिन बर्बाद कर रही वातावरण

शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में आगे लाने में सबसे बड़ी बाधा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग बहुतायात में होना मुख्य कारण है। वैसे तो पॉलिथीन का उपयोग प्रतिबंधित है लेकिन इसका जितना अधिक उपयोग श्योपुर में हो रहा है शायद उतना किसी अन्य शहर में नहीं होता होगा। खास बात यह है कि इस पॉलिथीन को कचरा गाड़ी से अधिक सड़कों पर फेंका जा रहा है जहां से यह पॉलिथीन नालियों में होते हुए नालों में जाकर सफाई में व्यवधान बन रही है जो नाले कभी साल में एक बार (बर्षा काल से पूर्व) साफ हुआ करते थे उन्हें अब हर सप्ताह साफ करना पड़ रहा है इस काम में मानव श्रम के साथ-साथ मशीन का उपयोग भी किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बाइक फिसलने के कारण दो लोग घायल

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाने के अंतर्गत मोलाडेम निवासी बंजारा समाज के दो युवको को घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहा घायल रूप सिह पुत्र उदा बंजारा उम्र 22 साल और गोविन्द पुत्र रामा बंजारा उम्र 16 साल का उपचार जिला अस्पताल मे किया जा रहा है। उपचार करा रहे घायलों ने बताया कि खेत में कटाई चल रही है। जिसको लेकर वह घर से खाना बनबाकर परिवारजनो को देने के लिए बाइक से खेत पर जा रहे थे। तभी उनकी बाइक मोलाडेम की पुलिया के समीप फिसल गई।

### 35 वर्षीय पैदल राहगीर को जीप ने टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अतर्गत ग्राम पाकरौन निवासी 35 वर्षीय युवक मुकेष पुत्र बाबूलाल यादव को घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। यहा उपचार करा रहे घायल ने बताया कि वह पैदल अपने घर वापिस जा रहा था। तभी अज्ञात जीप ने उसे टक्कर मारकर भाग गया।

### टैक्टर को बचाते समय चार पहिया वाहन पलटा, तीन घायल

**अशोकनगर।** जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत ग्राम सीहोर निवासी 3 घायलो को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जिनमे हजरथ सिंह पुत्र कल्याण सिह कुषवाह उम्र 33 वर्ष, हरि पुत्र रामभरौसा कुषवाह उम्र 30 वर्ष हरि केवट पुत्र अमर सिंह केवट का उपचार किया जा रहा है। उपचार करा रहे घायलो ने बताया कि वह सफेद हाथी चार पहिया वाहन मे बैठकर भुसा लेने के लिए पिपरौद जा रहे थे तभी बरखेडी के समीप सामने से आ रहे टैक्टर को बचाते समय वाहन पलट गया।

### 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अतर्गत पठार मोहल्ला निवासी श्यामलाल पुत्र नत्थू अहिरवार ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके पुत्र छोटू उम्र 22 साल निवासी पानी की टंकी के पास पठार मोहल्ला ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर के ही कमरे मे फासी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत

**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाने के अतर्गत शाढौरा की इंद्रा कालोनी निवासी विनीता बाई पुत्री गज्जू आदिवासी उम्र 17 साल ने अज्ञात कारणो के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जहा उपचार के लिए उसे शाढौरा अस्पताल लाया गया था। जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### 6 आरोपियों से कुल 245 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त

**अशोकनगर।** मुखबिरो द्वारा सूचना प्राप्त हो रही थी कि करीला माता मंदिर मेला के लिये ग्राम दंगल्या और खाकलोन में कुछ लोग अवैध कच्ची शराब का भंडारण कर रहे है। सूचना पर से उक्त स्थानो पर दबिश दी गई। जिसमें आरोपी पूरन बंजारा व रामबाबू बंजारा के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।

## 18 मार्च से गायब है शिवपुरी के बैराड़ की रहने वाली युवती, लोकेशन नहीं हो रही ट्रैश

# घटना के दस दिन बीत गए मगर इसके बाद भी काव्या को खोजने में नाकाम रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

बीते 18 मार्च को कोटा से काव्या के अपहरण के मामले में पुलिस भले ही रोज नए सबूत मीडिया को उपलब्ध करा रही है। परंतु इस अपहरण की कथित स्टोरी के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक काव्या और उसके कथित बीएफ को पकडने में नाकाम रही है। पुलिस इस मामले में रोज एक नया सबूत तो पेश कर दाबा कर रही है कि काव्या का अपहरण नहीं हुआ है। परंतु इसने हाईप्रोफाईल मामला होने के बाद पुलिस अभी तक इस मामले में काव्या को खोजने में नाकाम रही है।

इस मामले में कोटा पुलिस ने नया दावा किया है कि काव्या धाकड कोटा में महज 3 दिन ही कोटा में रही थी। कोटा पुलिस का दाबा है कि परिजन जिस हॉस्टल का नाम ले रहे थे उसमें छात्रा नहीं पहुंची। बल्कि एक दूसरे हॉस्टल में तीन दिन तक रही। उसके बाद उसने अपनी मां से बात कराकर इस हॉस्टल को खाली कर दिया था। कथित अपहरण की स्टोरी से पर्दा उठाने के लिए

**काव्या को लाना होगा सामने**

यहां बता दे कि बीते 18 मार्च से गायब शिवपुरी के बैराड की काव्या पुत्री रघुवीर धाकड उम्र 20 साल के अपहरण के फोटो पिता के मोबाईल पर भेजे गए थे। जिसमें बेटी को छोडने के एवज में 30 लाख रूपए की फिरौती मांगी थी। इस मामले में पिता रघुवीर धाकड की शिकायत पर कोटा के विज्ञान नगर थाना पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया था।

**छात्रा के अपहरण का चर्चित मामला**

### दोस्त ने पुलिस से किया दावा कि अपहरण की कहानी फैक, खुद ही रची है अपहरण की कहानी

इस मामले में मोड तो उस समय आया जब पुलिस काव्या को तलाश कर रही थी। एक तरफ कोटा पुलिस तलाश कर रही थी। दूसरी और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस मामले को लेकर राजस्थान के सीएम से बात की। तो यह मामला हाईप्रोफाईल हो गया। यह मामला हाईप्रोफाईल हुआ और मीडिया में सुर्खियों में रहा तो इस घटना मे काव्या का साथ देने बाले उसके दोस्त बृजेन्द्र ने अपने बचाब के लिए पुलिस की शरण लेना ठीक समझा। इंदौर डीजीपी राजेश दंडौतिया ने बताया कि इस मामले को लेकर उनका दोस्त बृजेन्द्र सीधा थाने जा पहुंचा और उसने पुलिस को बताया कि यह मामला पूरी तरह से फर्जी है। छात्रा खुद ही अपनी मर्जी से अपने बीएफ हर्षित के साथ गई है। साथ ही बृजेन्द्र पुलिस को उस किचिन तक लेकर पहुंचा जहां से छात्रा के हाथ पैर बंधे फोटो खींचे गए थे। इस मामले में पुलिस को एक सीसीटीव्ही फुटैज भी हाथ लगा। जिसमें काव्या अपने बीएफ हर्षित के साथ पीछ पर बैंग टांगकर घर से निकलते हुए दिखाई दे रही है। यह वीडियों भी 19 मार्च का बताया जा रहा है।

### मोबाइल बंदः लोकेशन नहीं हो पा रही ट्रेश, पुलिस बोली-एमपी से बाहर निकल गए हैं दोनों

इस मामले में काव्या के पिता ने पुलिस की सभी बातें स्वीकार कर ली है। परंतु पिता का आरोप है कि जो बातें सामने आ रही है वह सब तो ठीक है परंतु पुलिस को सभी सबूत मिल रहे है। 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को बेटी क्यों नहीं मिल रही यह समझ से परे है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि दोनों ने बडी ही सफाई के साथ अपने अपने मोबाईल बंद कर रखे है। जिसके चलते उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही है। पुलिस का कहना है कि अब ऐसा लग रहा है कि वह एमपी को छोडकर किसी अन्य राज्य में चले गए है। जिसके चलते उन्हें नहीं खोजा जा पा रहा है।

### दूसरे हॉस्टल में महज तीन दिन रही थी काव्या

इस मामले में कोटा पुलिस को परिजनों ने बताया कि काव्या कोटा में फिजिक्सबाला के यहां नीट की तैयारी करने गई थी। इसके साथ ही वह पास में ही स्थिति पारस हॉस्टल में रह रही थी। जिसपर से पुलिस ने जब छानवीन की तो सामने आया कि न तो वह फिजिक्सबाला के यहां एडमीशन लेने पहुंची और न ही पारस हॉस्टल में एक भी दिन रूकी। इस मामले में पुलिस का दाबा है कि काव्या कोटा में पारस हॉस्टल में न रूकते हुए दूसरे हॉस्टल में महज तीन दिन रही थी।इस हॉस्टल के रजिस्टर में काव्या की तीन दिन की एन्ट्री भी है। हॉस्टल संचालक ने बताया है कि काव्या अपनी मां और दो अन्य रिश्तेदारों के साथ 3 अगस्त को उनके हॉस्टल में आई थी। तीन दिन बाद काव्या ने उससे कहा कि उसे यह हॉस्टल समझ नहीं आ रहा है। यहां खाना भी ठीक नहीं है। जिसके चलते वह हॉस्टल बदलना चाहती है। परंतु हॉस्टल संचालक ने उसे नहीं जाने दिया। जिसपर से काव्या ने हॉस्टल संचालक की मां से बात कराई थी। तब 6 अगस्त को हॉस्टल संचालक ने उसे जाने दिया।

### इंदौर में मिली लोकेशन

क्राईम ब्रांच इंदौर के अनुसार छात्रा काव्या धाकड और उसके कथित बीएफ हर्षित की लोकेशन लगातार इंदौर में ही रही है। बीते 19 मार्च का भी क्राईम ब्रांच ने एक सीसीटीव्ही फुटैज जारी किया है। जिसमें काव्या हर्षित के साथ एक घर से निकलते हुए दिखाई दे रही है। इस मामले में पुलिस का दाबा है कि यह अपहरण की कहानी खुद काव्या धाकड ने रची है। परंतु इस मामले में काव्या के पिता का दाबा भी कुछ हद तक सही है कि अपहरण की कहानी तो ठीक है। परंतु काव्या को पुलिस खोज क्यों नहीं पा रही है।

### कोटा आने से पहले इंदौर में ही रहती थी काव्या, पिता को हर्षित का पता चला तो कोटा भेज दिया था

इस मामले में कोटा और इंदौर पुलिस का दाबा है कि काव्या इंदौर में रहकर ही नीट की तैयारी कर रही थी। इस दौरान उसकी दोस्ती हर्षित से हो गई थी। इस दौरान काव्या का इंदौर में विबाद हो गया था। जिसके चलते हर्षित और काव्या की कहानी पिता को पता चल गई थी। जिसके चलते पिता ने काव्या को बापस बैराड बुला लिया। परंतु बैराड में काव्या ने मां बाप का भरौसा जीत लिया और मां बाप को बताया कि उसकी लाईफ खराब हो जाएगी। वह इतने दिनों से तैयारी कर रही है और अब वह आगे की तैयारी के लिए इंदौर न जाते हुए कोटा चली जाएगी तो वहां से तैयारी करके वह नीट का एक्जाम निकाल लेगी।

### कच्ची शराब मय ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

**शिवपुरी।** लोकसभा चुनावों देखते हुए सतनाबाड़ा पुलिस ने हाथ भट्टी की कच्ची शराब मय ट्रैक्टर-ट्राली के जब्त की है। इसकी कीमत करीब नौ लाख रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सतनबाड़ा राज कुमार सिह चाहर को सूचना मिली कि शिवसिहं मोगिया आदिवासी निवासी ग्राम विनेगा कालौनी मय परिवार के हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब का बड़ी मात्रा मे निर्माण कर बेचता है । उक्त आरोपी अपने नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर ट्रोली में बडी बडी टंकियों में हाथ भट्टी की वनी कच्ची शराब भरकर ग्राम सेमरी तरफ जंगल में विक्रय करने की नियत से छुपाकर रखने जा रहा है । सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी सतनबाड़ा हमराही फोर्स के साथ चिटोरी खुर्द के आगे रोड पर मुखविर के बताये अनुसार ट्रेक्टर ट्रोली को रोका तो उसका चालक ट्रेक्टर ट्राली छोडकर अंधेरे में जगंल की तरफ भागने मे कामयाब हो गया जिसकी पहचान हमराही फोर्स नें शिवसिहं मोगिया आदिवासी के रूप में की गयी ।

### नाबालिग बेटी की निर्मम हत्या करने वाले पिता को हुआ आजीवन कारावास

**अशोकनगर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, अशोकनगर द्वारा पुत्री के गले में फंदा लगा कर हत्या करने वाले पिता हिम्मत सिंह निवासी ग्राम परवई थाना शाढौरा जिला अशोकनगर को आजीवन कारावास एवं एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। मामले में शासन की ओर से नरेन्द्र कुमार गोंडिया, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा पैरवी की गयी। एडीपीओ एवं सहायक मीडिया सेल प्रभारी यशपाल सिंह यादव ने बताया कि अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि 19 अक्टूबर 2021 को फरियादी श्रीपाल निवासी ग्राम परवई ने इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई थी कि उसे राजपाल ने बताया कि उसके भाई हिम्मत सिंह की लडकी सरिता हिम्मत सिंह के घर में मरी पडी है। तब उसने हिम्मत सिंह के घर जाकर देखा तो सरिता मृत अवस्था में पडी थी तथा हिम्मत सिंह बेहोशी की अवस्था में था। फरियादी की उक्त सूचना पर से पुलिस ने देहाती नालसी लेख कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई, विवेचना में यह पाया गया कि सरिता की हत्या उसी के पिता हिम्मत सिंह के द्वारा गले में फंदा लगाकर की गई थी। कारण यह था कि हिम्मत सिंह की पत्नि के एक अन्य व्यक्ति से प्रेम संबंध थे जिसका आरोपी ने विरोध किया परंतु उसकी पत्नि नहीं मानी और इसी बात का बदला लेने तथा पत्नि एवं उसके प्रेमी को झूठा फंसाने के लिये उसने घटना दिनांक की रात में अपने पुत्री सरिता को कहा कि वह अपने बच्चे को मारकर उन दोनो पर झूठा केस लगा देगा। तब सरिता ने कहा कि भईया को कुछ मत करो मुझे मार दो तो आरोपी ने सरिता के गले में ढुपटटा से गठान लगाकर लोहे के कुंदे से लटका दिया जब सरिता की मृत्यु पूरी तरह नहीं हुई तो उसने दुपट्टे को पकडकर हाथ से खींच दिया जिससे सरिता की मृत्यु हो गई। आरोपी ने सरिता की हत्या करने के बाद अपने नाबालिग लडके से कहा कि मैं बेहोश होकर लेट जाउंगा और तुम राजपाल ताउ के यहाँ सुबह जाकर यह झूठी सूचना दे देना कि मम्मी व उसका प्रेमी तथा अन्य लोग आये थे जो सरिता को मारकर चले गये। तब उसके लडके ने अपने ताउ राजपाल के घर सुबह जाकर बताया, फिर राजपाल ने सरिता की मृत्यु की सूचना श्रीपाल को दी थी। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी के नाबालिग बेटे ने पुलिस को घटना के बारे में यह बताया कि उसके पिता के द्वारा ही उसकी बहन सरिता की हत्या की गई है तत्पश्चात सम्पूर्ण विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा मृतिका के पिता आरोपी हिम्मत सिंह के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर से न्यायालय द्वारा यह सजा सुनाई गई है।

### अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद मोहल्ला निवासी यूनिस खान ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी कटरा मोहल्ला निवासी शाहिल खान ने तौल काटे के बारे मे पूछले पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कालोनी निवासी ओमप्रकाश रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी कोमेष पुत्र दिलीप जाटव उम्र 29 साल ने फरियादी से शराब पीने व मुर्गा खरीदने के लिए उससे पैसे मागें ने देने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## पानी को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

### दोनों पक्षों के कई लोग घायल, दोनों पक्षों पर मामले दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय छैलाबाग के समीप सत्य विजय कालोनी मे दो पक्षो के बीच पानी को लेकर हुए विवाद के चलते कई लोग घायल हो गए। जिन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। घटना के बारे मे बताया गया है कि 5 -6 दिन पूर्व हेडपंप पर महिलाओ का विवाद हो गया था। उसी रंजिश पर से दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हुई जहा दोनो पक्षो ने एक दूसरे की मारपीट की।

घायलो मे माखन पुत्र पूरन जोगी उम्र 25 साल , अरविन्द पुत्र पूरन जोगी 22 साल,देवेन्द्र पुत्र पूरन 26 साल ने बताया कि हम घर पर नही थे और कुछ लोग हमारे घर पर आए वह शराब पीए हुए थे। इसी दौरान उन्होने घर के बाहर रखे सामान के साथ साथ घर के भीतर रखा सामान भी लाठियो से तोड दिया। जैसे ही हम तीनो घर पहुचे उन्होने हम लाठियो से हमला कर दिया। हमला करने वालो मे उसके पिता ,मामा और जीजा भी उनके साथ घर पर पहुचे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष की ओर से घायल वीर सिंह पुत्र फेरन सिंह लोधी उम्र 52 वर्ष ने बताया कि हमारे घर की बच्ची हेडपंप पर पानी भरने गई थी। उसी दौरान माखन की बच्ची ने उसके साथ मारपीट की और पानी भरने से रोका जिसकी शिकायत करने पर माखन, अरविन्द देवेन्द्र और आकाष ने मिलकर मुझ पर हमला कर दिया जिससे मुझे चोटे आई है। इस घटना मे अरविन्द जोगी की रिपोर्ट पर से पुलिस सुरेन्द्र लोधी ,नाथू लोधी,वीर सिंह लोधी ,कल्ला लोधी के विरूध मामला दर्ज किया है। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से सुरेन्द्र लोधी की रिपोर्ट पर से देवेन्द्र जोगी माखन जोगी अरविन्द जोगी के विरूध मामला दर्ज किया गया है।

## करीला मेला के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार म.प्र. तीर्थ स्थल मां जानकी मंदिर, करीला धाम पर लगने वाले रंगपचरमी मेला का आयोजन 29 मार्च से 31 मार्च 2024 तक किया जाना है। उक्त अवधि के दौरान सम्पूर्ण करीला मेला क्षेत्र को 07 सेक्टरों में विभाजित किया जाकर उक्त सेक्टरों को उपसेक्टर में विभाजित किया गया है।

समस्त सेक्टरों में आमजन हेतु प्रदान की गई मूलभूत सुविधाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन ,संचालन हेतु प्रत्येक सेक्टर पर 3-3 सेक्टर अधिकारी एवं उनकी सहायता हेतु संबंधित विभाग का 1-1 अधिकारी और कर्मचारी एवं उप सेक्टरों हेतु भी पृथक से कर्मचारियों की इयूटी लगाई गई है। विभागों के त्वरित समन्वय एवं निरंतर आने वाली समस्याओं और घटनाओं के समाधान करने संबंधी सूचनाओं के आदान- प्रदान के लिए करीला मेला परिसर में कट्रोल रूम स्थापित किया गया है। बनाये गये सेक्टरों का सम्पूर्ण मेला अवधि के दौरान भम्रण कर नियंत्रण बनाये रखने, सेक्टर एवं उपसेक्टर अंतर्गत आने वाली समस्याओं एव शिकायतों का सेक्टर अधिकारियों के सहयोग से निराकरण कराने एवं सेक्टरों एवं उपसेक्टरों में लगाये गये इयूटीरत अधिकारी / कर्मचारी से उनको सौपे गये दायित्वों का ठीक प्रकार से निर्वाहन कराने के उद्देश्य से उपखंड मजिस्ट्रेटों एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की डयूटी मेला अवधि प्रारंभ होन से समापन तक लगाई गई है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी / कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अशोकनगर अनिल वनवारिया को सम्पूर्ण प्रभारी अधिकारी सेक्टर क्रमांक 01, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर इसरार खान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सम्पूर्ण प्रभारी अधिकारी सेक्टर क्रमांक 02,संयुक्त कलेक्टर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट रामबाबू सिन्डोस्कर को सम्पूर्ण प्रभारी अधिकारी सेक्टर क्रमांक 03, डिप्टी कलेक्टर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मनीष धनगर को सम्पूर्ण प्रभारी अधिकारी सेक्टर क्रमांक 04, अनुविभागीय दण्डाधिकारी / कार्यपालिक मजिस्ट्रेट चंदेरी रचना शर्मा को सम्पूर्ण प्रभारी अधिकारी सेक्टर क्रमांक 05, अनुविभागीय दण्डाधिकारी / कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ईसागढ़ शुभ्रता त्रिपाठी को सम्पूर्ण प्रभारी अधिकारी सेक्टर क्रमांक 06, संयुक्त कलेक्टर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सोनम जैन को सम्पूर्ण प्रभारी अधिकारी सेक्टर क्रमांक 07 सेक्टर अधिकारी रहेगें।

### मतदान का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई

**अशोकनगर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत ''मतदान का महत्व'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जिसमें विशाल कुशवाह ने प्रथम स्थान, रोहित रघुवंशी ने द्वितीय स्थान तथा अर्पित रघुवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. लहरिया ने किया । कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में मनोज ठाकुर, डॉ. शालिनी राय एवं गंगीता शर्मा उपस्थित रहीं । कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी विशाल नरवरिया ने किया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टॉफ सहित लगभग 60 विद्यार्थी उपस्थित रहे ।



## ग्राम बिजौरी व झागर में लगी भीषण आग



**मुंगावली।** बुधवार दोपहर 12 बजे ग्राम बिजौरी में दीपक सिंह पुत्र ऊदल सिंह के खेत में खड़ी फसल में आग लगने की डायल 100 द्वारा सूचना प्राप्त हुई तभी फायर ब्रिगेड प्रभारी नवेद क़ाज़ी द्वारा फायर ब्रिगेड गाडी गाड़ियों को तत्काल मौके पर रवाना किया गया दोनो गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आंग पर काबू पाया फायर चालक राशिद खान हेल्पर दीपक यादव हेल्पर बीरेन रजक मौके पर थे एवं दूसरे वाहन पर प्रेमनारायण सौरभ नरवरिया भगवत कुशवाह, नदीम कुरैश उपस्थित रहे।

**मुंगावली फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू**

### शहर भर में उत्साह के साथ मनाया गया होली का त्योहार

## होली पर खुशहाली और उन्नति के खूब रंग बिखेरे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





शहर के लोगों ने इस बार भी होली का त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाया। एक दूसरे को शुभकामनाए दी। इस बार सूखे रंगो का अधिक उपयोग किया गया। होली का यह त्यौहार मनाए जाने को लेकर सभी वर्गो के लोगों में खूब उत्साह रहा। एक दूसरे को विविध रंगो के साथ शुभकामनाएं दी गई। खुशहाली और उन्नति के रंग बिखरे गए। इस बार भी लोगों ने सूखे रंगो से ही होली खेली। हर रंग का अपना अलग महत्व हैं। होली के त्यौहार पर बच्चों और युवाओ की टोलियां शहर में घूमती रही।

महिलाए और बालिकाएं भी होली मनाने से कम नहीं रही। शहर की सभी कॉलोनियों और चैराहों पर होली का उत्सब खूब मनते देखा गया। लोगों ने एक दूसरे के घरो पर जाकर होली की शुभकामनाएं दी। कई संगठनों ने भी सामूहिक रूप से होली मनाई। रह रह कर शहर में होली मनाने की टोलिया निकलती रही। उत्सव की छटा सूखे रंगो के साथ देखने को मिली। दोपहर बाद शोक संतृप्त परिवारो के यहां भी पहुच कर होली का पर्व मनाया गया। कई स्थानों पर ग्रामीण जन पुराने बाद्य यंत्रों के साथ होली के गीत गाकर होली का पर्व मनाते हुए देखे गए। नगरपालिका ने भी इस बार पानी की कमी को देखते हुए शहर के सभी नागरिको से होली का पर्व सूखे रंगो के साथ मनाए जाने की अपील की थी। इसका असर भी देखा गया। हलाकि होली का यह त्यौहार अधिकांश लोगो ने घर परिवार के लोगो के बीच ही मनाया। मिलने जुलने वालो से लेकर निकट के लोगो तक यह त्यौहार सीमित रहा। होली के त्यौहार पर होली की वह मस्ती नजर नही आई। होली का यह पर्व प्रतीकात्मक रूप से मना। शहर से लेकर गाव तक होली का पर्व मनाया गया।

### चंदेरी में होली का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया



**चंदेरी।** चंदेरी नगर में बड़ी ही धूमधाम के साथ होली का पर्व मनाया गया । जहां सुबह से ही बच्चों द्वारा होली के रंग एवं गुलाल को लेकर बाजारों में दिखाई दिए। इसके साथ ही बच्चो ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगया। त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर थाना प्रभारी मनीष जादौन द्वारा चैक चैराहा सहित अन्य जगहों पर पुलिस व्यवस्थाएं लगाई गई जिससे कोई भी घटना घटित न हो सके और त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके।

### राजपुर में हर्षोल्लास पूर्वक होली उत्सव मनाया गया

**राजपुर।** राजपुर मे होली का त्यौहार हर वर्ष की तरह मनाया गया। इस दौरान रात्रि मे हनुमान मंदिर से ग्रामीण फाग गाते हुए निकले और जिन परिवारो के यहा शोक की होली थी वहा गुलाल के टीका लगाए । इस तरह राजपुर कस्बे मे होली का त्यौहार मनाया गया । लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। इससे एक दिन पहले होलिका दहन किया गया। इस दौरान कस्बे में कई जगह पुलिस बल तैनात रहा। इस तरह शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाया गया।

